## नगर परिषद मझौली में लोक अदालत का आयोजन



**मझौली।** नगर परिषद मझौली में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें करों एवं अन्य मदों में कुल 5 लाख 69 हजार 570 रुपये की वसूली की गई। लोक अदालत के दौरान संपत्ति कर के अंतर्गत 2 लाख 92 हजार 233 रुपये, जल कर से 67 हजार 573 रुपये तथा अन्य मदों में 2 लाख 9 हजार 764 रुपये की वसूली की गई।

इस अवसर पर नगर परिषद मझौली के लक्ष्मी नारायण राजपूत, प्रभारी विश्वनाथ नेटी, राम सजीवन चौधरी, रमेश साहू, आनंदराज दुबे, दिलीप साहू, पल्स दीप जती, अनिल रैकवार, शैलेश सहित समस्त नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लिटिगेशन के 115 प्रकरणों में एक करोड़ के अवार्ड पारित, प्रिलिटिगेशन के 477 प्रकरणों में 7461592 के अवार्ड पारित

# नेशनल लोक अदालत में अनेक लोग हुए लाभन्वित





**सिहोरा।** माननीय कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय सिहोरा मे किया गया। जिसका शुभारंभ श्री सुधांशु सिन्हा जिला न्यायाधीश (तृतीय) के द्वारा माँ सरस्वती वंदना कर किया गया। जिसमे श्री श्याम सुन्दर झा जिला न्यायाधीश (प्रथम),अजय उइके न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,श्रीमती खालिदा तनवीर खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,सुश्री उर्वशी यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट,प्रथम श्रेणी,सुश्री दीपशिखा दांगी,न्यायिक मजिस्ट्रेट,प्रथम श्रेणी एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविदीप सिंह बैस सहित सम्माननीय अधिवक्तागण उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत मे व्यवहार न्यायालय सिहोरा मे राजीनामा के आधार पर न्यायालय मे लंबित (लिटिगेशन प्रकरण) 914 प्रकरण रखे गये जिसमे से 115 प्रकरणों का निराकरण किया गया, 10487482 रूपये (अंकन-एक करोड़ चार लाख **सत्तासी हजार चार सौ बयासी) रूपये का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार प्रीलिटिगेशन के 3468 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिसमे 477 प्रकरणों का निराकरण कर7461592रूपये (चौहत्तर लाख इकसठ हजार पांच सौ बन्नावे) का अवार्ड पारित किया गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सुधांशु सिन्हा जिला न्यायाधीश (तृतीय) सिहोरा के न्यायलय में लंबित लिटिगेशन के रखें गये 13 प्रकरणो में से 9 प्रकरणो का निराकरण करते हुऐ 420000 का अवार्ड पारित किये गये तथा प्रिलिटिगेशन के रखे गये दो प्रकरण में एक का निराकरण किया गया।श्री श्याम सुन्दर झा जिला न्यायाधीश (प्रथम) सिहोरा न्यायलय में लिटिगेशन के 525 प्रकरण में से 51प्रकरण का निराकरण कर 5926710 का अवार्ड पारित किया गया तथा प्रिलिटिगेशन के 1170 प्रकरण में से 114 प्रकरण का निराकरण कर 843283 का अवार्ड पारित किया गया। श्री अजय उईके न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायलय में लिटिगेशन के 321 प्रकरण में से 22 प्रकरण का निराकरण कर 1325711 का अवार्ड पारित किया तथा प्रिलिटिगेशन के 1505 प्रकरण में से 293 प्रकरण का निराकरण कर 747532 का अवार्ड पारित किया ।श्रीमती खालिदा तनवीर खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायलय में लिटिगेशन के 13 प्रकरण में से 04 प्रकरण का निराकरण तथा प्रिलिटिगेशन के 242 प्रकरण में से 2 प्रकरण का निराकरण कर 109000का अवार्ड पारित किया। उर्वशी यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायलय में लिटिगेशन के 14 प्रकरण में से 14 प्रकरण का निराकरण कर 1115000 का अवार्ड पारित तथा प्रिलिटिगेशन के 52 प्रकरण में से 52 प्रकरण का निराकरण कर 5490000 का अवार्ड पारित किया।सुश्री दीपशिखा दांगी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायलय में लिटिगेशन के 28 प्रकरण में से 15 प्रकरण का निराकरण कर 1700061 का अवार्ड पारित किया तथा प्रिलिटिगेशन के 497 प्रकरण में से 14 प्रकरण का निराकरण कर 271400का अवार्ड पारित किया

## व्हीएफजे में एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का भव्य शुभारंभ



**जबलपुर।** व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर (व्हीएफजे) में आज निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रवीण कुमार के मुख्य आतिथ्य में एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। श्री कुमार ने एवीएनएल ध्वज फहराकर और मशाल रैली करके कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। साथ ही दीप प्रज्वलन कर खेल प्रतियोगिताओं की सफलता की कामना की। व्हीएफजे के स्पोर्ट्स ऑफिसर श्री प्रणव प्रियांक ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि 13 से 18 दिसंबर तक आठ प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और सभी खिलाड़ियों को खेल सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। उद्घाटन समारोह में व्हीएफजे, हैवी व्हीकल फैक्ट्री चेन्नई, इंजन फैक्ट्री चेन्नई, मशीन एवं प्रोटोटाइप फैक्ट्री अंबरनाथ और ऑर्डनेंस फैक्ट्री मेडक के खिलाड़ी शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिला कल्याण समिति एवीएनएल द्वारा संचालित स्कूलों अंकुर विद्या मंदिर और विद्या मंदिर के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जबकि व्हीएफजे सांस्कृतिक कला परिषद के कलाकारों ने संगीत प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों ने सांकेतिक मैच खेलकर और गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह टूर्नामेंट टीम बिल्डिंग, सहयोग और व्यक्तित्व विकास का उत्कृष्ट मंच है। कार्यक्रम का समापन श्री गौरव दीक्षित द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री टी. डोलाशंकर, श्री आशुतोष कुमार, श्री रामेश्वर मीणा, श्री बी. राजेश कन्ना, श्री प्रणव प्रियंक सहित अन्य महाप्रबंधक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देर रात साहू से मिलने पहुंचे अपर कलेक्टर



**सिहोरा।** देर रात जिला प्रशासन की तरफ से सिहोरा जिले की मांग को लेकर आमरण अनशन कर रहे प्रमोद साहू से मिलने अपर कलेक्टर नाथुराम गौड़ के अलावा सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल,पूर्व विधायक दिलीप दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष रानू तिवारी ने सिविल अस्पताल पहुंचकर उपमुख्यमंत्री से मिले आश्वासन से उन्हें अवगत कराते हुए शीध्र मुख्यमंत्री से वार्ता का आश्वासन देते हुए जूस पिलाया। हालाकी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक साहु ने जिला बनाने तक क्रमिक अनशन का संकल्प दोहराया है।

## कैमरों की निगरानी में हो उपार्जन : कुंजाम

### तहसीलदार ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



सिहोरा

सिहोरा में धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शीता के साथ सरल एंव सुगम बनाने के उद्देश्य से तहसीलदार सिहोरा रूपेश्वरी कुजांम ने धान खरीदी केंद्र जय भवानी वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

औचक निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र में तय मानकों के तहत खरीदी हो तौलाई,बारदाना उपलब्धता,किसानों के लिए पेय जल,टेन्ट,सुरक्षा व्यवस्था,सी सी टी व्ही कैमरे की व्यवस्थाओं के साथ कंट्रोल रूम वाईफाई स्थापित करने के निर्देश दिए। तथा मैदानी स्तर पर समीक्षा की।धान खरीदी केंद्र प्रभारी और समिति सदस्यों को निर्देशित करते हुए तहसीलदार ने कहा कि किसानों को तुलाई के दौरान किसी भी प्रकार की देरी या असुविधा न हो किसानों के लिए बडे. टेंट की व्यवस्था की जाये।

खरीदी केंद्रों में खरीदी पारदर्शी तरीके से की जाए तथा 24 घंटे कैमरे चालु रहे खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पटवारी प्रीति साहू के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### इनका कहना है

सभी केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ कैमरे चालु रखने के निर्देश खरीदी प्रभारी तथा समिती प्रवंधको को दिये गये है।

**रुपेश्वरी कुंजाम**
**तहसीलदार सिहोरा**

# ट्रांसको ने सायबर क्विज का आयोजन

### जबलपुर के सैयद, योगेश जैन पहले और दूसरे स्थान पर रहे

जबलपुर

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा कार्मिकों के साथ उनके परिवारजनों को जोड़ते हुए पहली बार साइबर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस साइबर क्विज के माध्यम से साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनके जरिए प्रतिभागियों की समझ और सतर्कता को परख कर उन्हें सही उत्तर बताये गए। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न ट्रांसको कार्यालय के 85 कार्मिकों और उनके पारिवारिक सदस्यों सहित कुल 198 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### जबलपुर के सैयद अली रहे प्रथम

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जबलपुर स्काडा सेंटर के सैयद आज़म अली ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर मुख्य वित्त अधिकारी जबलपुर कार्यालय मे पदस्थ



योगेश जैन और तृतीय स्थान सिवनी के कार्यपालन अभियंता विकास भरिया को हासिल हुआ। क्विज आयोजित करने में प्रोग्रामर प्रवीण शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

### साइबर सुरक्षा को परिवार तक पहुंचाना उद्देश्य

इस अभिनव पहल के सूत्रधार डाक्टर हिमांशु श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण पहल से इस अनूठी साइबर क्विज की शुरुआत संभव हो सकी। इस पहल का उद्देश्य साइबर अवेयरनेस को रोचक एवं सहभागितापूर्ण तरीके से कार्मिकों और उनके परिवारजनों तक पहुँचाना है।

डाक्टर हिमांशु ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ प्रश्नोत्तर के माध्यम से साइबर सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने में प्रभावी सिद्ध होती हैं। एम.पी. ट्रांसको द्वारा भविष्य में भी इस तरह की सहभागितामूलक जागरूकता गतिविधियाँ हर माह आयोजित किए जाने की योजना है।

### प्रबंध संचालक ने विजेताओं दी बधाई

एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक ने इस अनोखी क्विज आयोजित करने के लिए संयोजक और प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए विजेताओं को बधाई प्रेषित की है उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों को भी साइबर सतर्कता से जोड़ना एक अनुपम पहल है।

## मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी में दो सप्ताह का ऑटोकैड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### परियोजना के प्रारंभ से समाप्ति तक है ऑटोकैड की महत्ता

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (MPPGCL) अपने अभियंताओं के सतत विकास के लिए प्रयासरत है, इसी परिप्रेक्ष्य में कंपनी द्वारा सिविल इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग व परियोजना उत्पादन निकाय से संबद्ध अभियंताओं के लिए को दो सप्ताह का ऑटोकैड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 अभियंताओं को ऑटोडेस्क प्रमाणित केन्द्र के मुख्य प्रशिक्षक अविनाश विश्वकर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ऑटोकैड के सभी उपयोगी फीचर्स जैसे टू-डी, थ्री-डी मॉडलिंग , लेयर बनाना, डाइमेंशनिंग, लेआउट, प्लाटिंग, एडिटिंग, रेंडरिंग आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पावर जनरेटिंग कंपनी के अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डॉ. अशोक तिवारी ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 10-10 अभियंताओं के तीन चरणों में ऑटोकैड का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए उत्कृष्ट व अनुभवी प्रशिक्षकों का चयन किया गया है।

प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन डीके कश्यप, संयुक्त सचिव मनीष कटारे व कार्मिक अधिकारी वर्तिका गुरबानी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षु अभियंताओं को ऑटोडेस्क प्रमाणित ऑटोकैड प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अभियंता डीके कश्यप ने कहा कि वर्तमान में अभियंताओं के लिए ऑटोकैड प्रशिक्षण इसलिए जरूरी है क्योंकि सभी ड्राइंग्स एवं डिजाइन में ऑटोकैड का महत्वपूर्ण योगदान है। किसी भी परियोजना के प्रारंभिक दौर से लेकर के परियोजना समाप्त होने तक सभी ड्राइंग्स एवं डिजाइन ऑटोकैड पर ही बनाई जाती है, इसलिए सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल आदि सभी इंजीनियरों को ऑटोकैड में पारंगत होना आवश्यक है। कार्मिक अधिकारी वर्तिका गुरबानी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन किया।

## गीता भवन में लगेगी बच्चों के बनाए स्वच्छता के चित्र

### मुख्यमंत्री करेंगे अवलोकन : महापौर



**जबलपुर।** नगर निगम के सहयोग से साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था मित्रसंघ के संयोजन में भंवरताल पार्क में लगातार चतुर्थ वर्ष एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता ,'जीरो वेस्ट' की थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में शहर के हजारों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के एक वर्ग ने वीरांगना रानी दुर्गावती के कार्यकाल में जलसंरक्षण के विषय पर भी चित्र बनाये। इस प्रतियोजित में 3100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्रों को स्वच्छता का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा, ''गंदगी को हटाना है, और स्वच्छता को अपनाना है'' और सभी से अपने शहर को साफ और सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। महापौर ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में कम उम्र से ही पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा होती है। महापौर अन्नू ने घोषणा कि की विजेता बच्चों के द्वारा बनाये गए चित्रों को घंटाघर कन्वेंसशनल सेण्टर में निर्मित होने जारहे गीता भवन में लगाया जायेगा। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से बच्चों की भेंट करवाकर उनका उत्साहवर्धन कर उन्हें आशीर्वाद भी दिया जायेगा।

### विजेताओं को मिले पुरस्कार

महापौर श्री अन्नू के हाथों प्रतियोगिता के प्रतिभाशाली विजेताओं को सम्मानित किया गया। ग्रुप ''ए'' के विजेता स्पर्श विश्वकर्मा प्रथम, अबू सूफिरतन द्वितीय एवं वेदिका साहू तृतीय इसी प्रकार ग्रुप ''बी'' के विजेता यश पटैल प्रथम, बलविन्दर कौर द्वितीय, आरोही श्रीवास्तव तृतीय को क्रमशः 5100, 2100 और 1100 रुपये के नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही, महापौर श्री अन्नू ने अपनी ओर से भी इन सभी 6 विजेता छात्र-छात्राओं को 1-1 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि उपहार स्वरूप प्रदान की। इसके अलावा, सात-सात छात्र-छात्राओं को नगद सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

चित्रकला प्रतियोगिता के मंच पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के साथ निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, पार्षद श्रीमती माधुरी सोनकर, महेश राजपूत, श्रीमती अंजना मनीष अग्रहरि, श्रीमती अर्चना सिसोदिया, श्रीमती शारदा कुशवाहा, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, मित्रसंघ के अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर और सयोजक परितोष वर्मा, राहुल अग्रवाल, शालिनी वर्मा, विजेंद्र यादव, महेश झरिया के साथ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के श्रीमती दीपा अग्रवाल, संचालिका आकृति कल इंस्टीट्यूट, राकेश तिवारी, ड्राइंग एंड पेंटिंग डिपार्टमेंट माता गुजरी कॉलेज, मिस संजीत कौर छाबड़ा ड्राइंग एंड पेंटिंग डिपार्टमेंट आर्मी स्कूल सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक सत्यम तिवारी के किया।

## जबलपुर के यश घनघोरिया को अहम जिम्मेदारी

# कांग्रेस के टैलेंट हंट में युवा नेतृत्व पर भरोसा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस में संगठन को मजबूत करने और नए चेहरों को आगे लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रदेश कांग्रेस ने प्रवक्ताओं के चयन के लिए टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें जबलपुर से ताल्लुक रखने वाले और वर्तमान में प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यश घनघोरिया का समिति में शामिल होना न सिर्फ जबलपुर बल्कि महाकौशल अंचल के लिए भी राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह समिति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार बनाई गई है। समिति का उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से ऐसे प्रवक्ताओं का चयन करना है, जो संगठन की विचारधारा, नीतियों और जनता के मुद्दों को प्रभावी और संवेदनशील तरीके से सामने रख सकें। जबलपुर के युवा नेता यश घनघोरिया को समिति में सदस्य बनाए जाने को संगठन में युवाओं पर बढ़ते भरोसे के तौर पर देखा जा रहा है। यश घनघोरिया लंबे समय से युवक कांग्रेस के माध्यम से जमीनी राजनीति में सक्रिय हैं और युवाओं के मुद्दों को मुखरता से उठाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति से यह संकेत भी मिल रहा है कि कांग्रेस आने वाले समय में युवा नेतृत्व को आगे कर संगठन को नई ऊर्जा देना चाहती है।

हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया के बीच एक और चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक का नाम इस टैलेंट हंट समिति में शामिल नहीं किया गया है। मीडिया प्रमुख को समिति का चेयरमैन या सदस्य न बनाए जाने से संगठन के भीतर सवाल उठ रहे हैं और इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हैं।

टैलेंट हंट समिति के अध्यक्ष के रूप में अभय तिवारी, प्रभारी मीडिया एवं कम्युनिकेशन को जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस संगठन में प्रतिभाशाली और विचारशील साथियों को उचित अवसर देना पार्टी का संकल्प है। 'टैलेंट हंट' अभियान कांग्रेस के भविष्य के प्रवक्ताओं को पहचानने और उन्हें मंच देने का सशक्त माध्यम बनेगा। उनका यह बयान साफ करता है कि पार्टी आने वाले समय में नई पीढ़ी को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर, टैलेंट हंट समिति में जबलपुर के यश घनघोरिया की सक्रिय भूमिका से यह उम्मीद की जा रही है कि महाकौशल क्षेत्र से भी नए और प्रभावी प्रवक्ता सामने आएंगे, जो कांग्रेस की आवाज को मजबूती से प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर रख सकेंगे।

## उपमुख्यमंत्री ने अनशनरत साहू से की बात

# 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री से वार्ता का आश्वासन सिहोरा जिला बनवाने के लिए भूख हड़ताल जारी

सिहोरा

सिहोरा जिला बनाए जाने की मांग को लेकर जारी आंदोलन ने अब सरकार के शीर्ष स्तर तक दस्तक दे दी है। जबलपुर आए उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अनशनरत प्रमोद साहू से फोन पर बातचीत की और आश्वासन दिया कि मंगलवार 16 दिसंबर को भोपाल में होने वाली कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री से सीधी वार्ता कराई जाएगी। इसके बावजूद पांचवें दिन भी सिहोरा और खितौला में बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। सर्व दलीय लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति ने कहा मुख्यमंत्री से निर्णायक वार्ता और ठोस आश्वासन मिलने तक प्रमोद साहू का आमरण अनशन और धरना स्थल पर क्रमिक अनशन यथावत जारी रहेगा। इधर कलेक्टर जबलपुर की मध्यस्थता में आंदोलन समिति का प्रतिनिधिमंडल जबलपुर में वित्त मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से मिला।इस दौरान सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े के साथ समिति के विकास दुबे,सुशील जैन,रमेश पटेल,शिशिर पांडे,साधना जैन एवं अरुण जैन आदि शामिल रहे। इस बैठक में वित्त मंत्री की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि 16 दिसंबर को कैबिनेट




बैठक के बाद मुख्यमंत्री से आंदोलनकारियों की वार्ता कराई जाएगी और सिहोरा जिला की मांग पर गंभीरता से विचार होगा। शनिवार को क्रमिक अनशन में संतोष वर्मा,ललित दुबे,अरविंद श्रीवास्तव,उमेश चौबे 24 घंटे के सत्याग्रह में बैठे। हालांकि आंदोलन समिति ने दो टूक कहा है कि जब तक मुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष और निर्णायक संवाद नहीं होता तब तक आंदोलन और सत्याग्रह वापस नहीं लिया जाएगा।




**श्री मोती लाल-** गुप्तेश्वर शहीद गुलाब सिंह वार्ड निवासी श्री मोती लाल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सीताराम शर्मा-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री सीताराम शर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शारदा बेन-** शीतलामाई ताड़ी खाना के पास निवासी श्री शारदा बेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगत नारायण शुक्ला-** सुहागी अधारताल निवासी श्री जगत नारायण शुक्ला (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती यशोदा बाई ठाकुर-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री आरके ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा बाई ठाकुर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सरजू प्रसाद खरे-** नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री सरजू प्रसाद खरे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमित्रा सोंधिया-** कुचबंधिया मोहल्ला नेहरू वार्ड निवासी श्री रामदीन सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा सोंधिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय मोरवाल -** कछपुरा ब्रिज के पास गढ़ा निवासी श्री विजय मोरवाल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील विश्वकर्मा-** ओम कला मंदिर रोड चांदमारी लालमाटी निवासी श्री सुशील विश्वकर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गुलाब बर्मन-** छापर मांडवा बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री गुलाब बर्मन (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा ठाकुर-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री कैलाश नारायण ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती उषा ठाकुर (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्रीराम सोनी-** यादव कॉलोनी प्रगति कॉलोनी निवासी श्री श्रीराम सोनी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता-** सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मदन शुक्ल-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री गोरे लाल शुक्ल के पुत्र श्री मदन शुक्ल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 90/- प्रति क्वाकार से.मी.
सिंगल साइज:- 3x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डबल साइज:- 5x4 से.मी. रंगीन 400/-
डबल साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

### युवाओं को जोड़ना और रामायण के वैश्विक और सांस्कृतिक पहलुओं पर जोर दिया गया

# वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस की सफलता हेतु सिद्ध श्री मां दरबार में हुआ सुंदरकांड का भव्य आयोजन



हरिभूमि जबलपुर।

संस्कारधानी के मध्य गढ़ा में स्थित धर्म आध्यात्म उपासना श्रद्धा भक्ति का केंद्र सिद्ध श्री मां दरबार में वैसे तो पूरे वर्ष के 365 दिवस ही विभिन्न धार्मिक आयोजन पूज्य दैवज्ञ ग्रहस्त संत पंडित श्री अरुण शर्मा जी के मार्गदर्शन में निरंतर होते रहते हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला में संस्कारधानी में आगामी माह वर्ष 2026 के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाले वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस की सफलता हेतु सिद्ध श्री मां दरबार में भगवान राम के अनन्य भक्त सेवक अंजनी नंदन श्री हनुमंत लाल जी की उपासना पूजन अर्चन के साथ सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन दीपक प्रज्वलन कर भगवान श्री राम के पूजन अर्चन, भगवान हनुमंत लाल का पूजन अर्चन, मां जगत जननी का पूजन अर्चन कर संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन सभी उपस्थित भक्तों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पूज्य पंडित अरुण शर्मा जी ने आयोजन के संबंध में बताया कि वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस

रामायण के ज्ञान, संस्कृति और मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए दुनिया भर के विद्वानों, शोधकर्ताओं और भक्तों को एक मंच पर लाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है, जो जबलपुर मध्य प्रदेश में ब्रह्मऋषि मिशन समिति द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें आगामी चौथा सम्मेलन 2 से 4 जनवरी 2026 को मानस भवन, जबलपुर में होगा और 'मेकिंग यूथ रामायण एंबेसडर' (MYRA) थीम पर केंद्रित होगा। इसके पूर्व विश्व रामायण सम्मेलन विभिन्न रूपों और स्थानों (भारत, श्रीलंका, यूके) में आयोजित किए गए, जिनमें युवाओं को जोड़ना और रामायण के वैश्विक और सांस्कृतिक पहलुओं पर जोर दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित संस्कारधानी के प्रतिष्ठित नागरिक गढ़ा रामलीला समिति के संयोजक पंडित अशोक मनोध्या जी ने बताया कि संस्कारधानी की वैश्विक पहचान बन चुके वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस के चौथे संस्करण के आयोजन की तैयारियां तेजी से जारी हैं। आगामी 2 से 4 जनवरी 2025 तक मानस भवन में आयोजित होने जा रहे विराट आयोजन की मुख्य समितियों और सह-समितियों के कार्यों की समीक्षा बैठक ज्ञानेश्वरी दीदी,डॉ. अखिलेश गुमास्ता, विधायक श्री अजय बिश्नोई, पंडित अशोक मनोध्या,एवं आयोजन समिति से जुड़े अन्य प्रमुख व्यक्तितवो के संयोजन में निरंतर जारी है । आयोजन की व्यापकता को देखते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिनकी कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा निरंतर की जा रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन 2016 मे गढ़ा रामलीला समिति के स्वंरिणम वर्ष के उपलक्ष्य मे आयोजित की थी और यह चौथा आयोजन होने जा रहा है।

वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस की सफलता के उद्देश्य से अब तक लगभग 12 हजार सुन्दरकाण्ड पाठ पूर्ण कर लिए गए हैं, जो आयोजन की आध्यात्मिक ऊर्जा और भव्यता को बढ़ाने वाले हैं। इसी क्रम में आज सिद्ध श्री मां दरबार में भी मां भगवती के सम्मुख सुंदरकांड का आयोजन किया गया साथ ही साथ ही संयोजन के माध्यम से भगवान हनुमंत लाल भगवान श्री राम और मां जगत जननी सेकार्यक्रम की सफलता हेतु प्रार्थना की गई की। इस अवसर पर सिद्ध श्री मां दरबार के पूज्य संत श्री अरुण शर्मा जी,पूज्य माताजी, पंडित अशोक मनोध्या,पंडित रामनाथ दुबे, लोकराम कोरी, विनोद दुबे, अजय गुप्ता,सुबीर सेन गुप्ता आशीष शर्मा, अभिषेक शर्मा, डॉक्टर संदीप नेमा, सरदार तलविंदर सिंह ओबेरॉय, चंद्रशेखर शर्मा,पंडित देवेंद्र गोटिया, डॉ आर एस चंडोक, पंडित मुकेश तिवारी, देवेंद्र नेमा, शंकर सोनी,डॉ विमल शुक्ला, रोमगी शर्मा, संजय गुप्ता, भूपेंद्र उपाध्याय, प्रवीण लखेरा,आशीष मिश्रा, पंडित प्रणव राजोरिया, पंडित शिवम् पाण्डेय साहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत महा आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।



# मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** आज मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष जबलपुर नरेश कुलस्ते ने बताया कि संघ के प्रांतीय आह्वान पर अपनी न्यायोचित 15 सूत्रीय मांगों जैसे पदनाम परिवर्तन, ग्रेड पे 1300 से 1800 करने, सातवें वेतनमान का लाभ 01/01/2016 से देने, OPS लागू करने, आउटसोर्स, दैनिक वेतन भोगी, स्थाई कर्मचारी, अंशकालिक, आशा, उषा, रसोईया, सहायिका, कोटवार को सम्मानजनक वेतन एवं शासकीय व्यवस्था में करने एवं पदोन्नति करने जैसी मांगों को लेकर जिला शाखा जबलपुर द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम तीसरे चरण का ज्ञापन मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सौंपा गया है। इसी कड़ी में जिला जबलपुर में जनप्रतिनिधि राकेश सिंह मंत्री मध्य प्रदेश शासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कार्यालय नागपाल गार्डन मदन महल जबलपुर में सौंपा गया। इस दौरान विशेष रूप से संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी सेल एवं संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे, प्रांतीय सचिव सहदेव रजक, संभागीय सलाहकार वैद्यनाथन अय्यर, संभागीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिवेंद्र पटेल, जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविंद्र राय, सुरेश बाल्मिक, प्रेम नारायण ठाकुर, संजय रजक, ओमप्रकाश पनगरहा, राजू महतो, मोहित वर्मा, सुनील पाठक, संतोष पटेल, हब्बीब ख़ान, अरविंद पोर्ते, संजय झारीया, शिवनारायण चतुर प्रसाद, तीरथ प्रसाद, पुरुषोत्तम यादव, ममता वैद्य एवं अन्य साथियों ने उपस्थित होकर अपने हक की आवाज बुलंद की।



## हेमंत साहू बने सहसचिव

**जबलपुर।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के संस्थापक पूर्व सांसद रामनारायण साहू ,राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश साहू एवं युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी गुप्ता के निर्देशानुसार जबलपुर निवासी भाजपा अंत्योदय प्रकोष्ठ के नगर सह संयोजक हेमंत साहू को राष्ट्रीय युवा सह-सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।साहू जी की नियुक्ती पर संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की।

# पेंशनर्स की लंबित मांगों पर वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक प्रान्ताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने आज वित्त मंत्री के नगर आगमन पर उनसे सौजन्य भेंट करके राज्य के 4.50 लाख पेंशनर्स की लंबित आर्थिक मांगों के संबंध में 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि राज्य पेंशनर्स को जुलाई 2025 से तीन प्रतिशत लंबित मंहगाई राहत का भुगतान एरियर्स के साथ किया जाये। म.प्र. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को पेंशनर्स हित में विलोपित कराया जाये। राज्य के पेंशनर्स को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जाये तथा दवाईयों के लिए प्रत्येक पेंशनर्स को दो हजार रूपये प्रतिमाह भुगतान किया जाये। आदि अन्य मांगें मांग पत्र में



अंकित हैं, के निराकरण के लिए शासन स्तर से यथाशीघ्र संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा उपरांत समुचित आदेश जारी कराये जायें ताकि राज्य में पेंशनर्स में व्याप्त आक्रोश समाप्त हो सके। वित्तमंत्री ने आश्वस्त किया है कि संगठन के पदाधिकारियों को भोपाल में बुलाकर वित्त विभाग के सचिव के साथ चर्चा उपरांत शीघ्र ही मांगों पर आवश्यक निर्णय दिलाये जाने का आश्वासन दिया है। मंत्री जी का पुष्पहारों से स्वागत करते हुए उनको हार्दिक धन्यवाद प्रेषित किया गया। प्रतिनिधि मंडल में एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पाण्डेय, बी.एस.पी. गौर, ए.के. शुक्ला, श्रवणकुमार श्रोति, उमेश हंश, एस.पी. शुक्ला, सी.एल. दोहरे, के.सी. अवस्थी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नामदेव समाज का युवक-युवती परिचय एवं विवाह सम्मेलन आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश नामदेव क्षत्रिय एकता परिषद के तत्वावधान में संत श्री नामदेव महाराज की जयंती के अवसर पर नामदेव समाज का युवक-युवती परिचय एवं सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन आज 14 दिसंबर को बंशी वाले मैरिज गार्डन, दमोहनाका में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामभरत नामदेव, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष जे.पी. वर्मा एवं जिला अध्यक्ष रूपराम नामदेव ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में युवक-युवतियां एवं उनके अभिभावक शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में धार्मिक आयोजन, अतिथि स्वागत, प्रतिभा सम्मान, युवक-युवती परिचय, सामूहिक विवाह, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### खेल केवल मनोरंजन नहीं, आर्थिक व सामाजिक विकास का आधार : रोहाणी

# राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी "खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि" संपन्न

हरिभूमि, जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, क्रीड़ा भारती एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी "खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि" का आयोजन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर रोहाणी ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि आर्थिक एवं सामाजिक विकास का अभिन्न अंग है। ऐसी संगोष्ठियां भारतीय खेल परंपराओं पर शोध और चिंतन को



बढ़ावा देती हैं तथा भविष्य के खिलाड़ियों को दिशा प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा, प्रांत प्रचारक बृजकांत, डॉ. पंजाबराव चंदेलकर, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र कोष्टी, मुख्य वक्ता राज चौधरी, जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष राव, प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं संगोष्ठी संयोजक डॉ. ज्योति जुनगरे उपस्थित रहे। अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य वक्ता राज चौधरी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और उच्चतम स्तर तक पहुंचने की प्रक्रिया है। वक्ताओं ने खेलों को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम बताया। तृतीय सत्र में प्रतिभागियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया। समापन सत्र में दिग्विजय सिंह (उपाध्यक्ष, म.प्र. ओलंपिक संघ) मुख्य अतिथि एवं डॉ. अल्का नायक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## डॉ. सलमा जमाल विश्व हिंदी परिषद अधिवेशन द्वारा दिल्ली में सम्मानित

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवयित्री/ कथाकार डॉ. सलमा जमाल जो विश्व हिंदी परिषद में शैक्षणिक महामंत्री पद पर मनोनीत हैं, उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पर्यावरण पर आलेख प्रस्तुत किया और कवि सम्मेलन में भाग लिया। परिषद के सचिव डॉ. विपिन कुमार ने सलमा जमाल को हिंदी के उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'हिंदी सेवी' सम्मान से सम्मानित कर शॉल, मोमेंटो और सम्मान पत्र प्रदान किया।



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 21 एवं 22 नवंबर 2025 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में 11 देश के सम्माननीय साहित्यकार उपस्थित हुए। इस सम्मेलन में ऑफलाइन या ऑनलाइन या सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़कर सभी लोगों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और हिन्दी के प्रति प्रेम प्रदर्शित किया, इससे हम सभी लोग गौरवान्वित और हर्षवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### 14 से 16 दिसंबर तक महेश भवन, गोपालबाग में होगी कथा

# माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय "नानी बाई का मायरा" कथा का आयोजन

हरिभूमि, जबलपुर।

माहेश्वरी महिला मंडल, जबलपुर द्वारा संस्कारधानी में पहली बार तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन "नानी बाई का मायरा" का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महेश भवन, गोपालबाग में 14, 15 एवं 16 दिसंबर 2025 को प्रतिदिन दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक संपन्न होगा।

कथा का वाचन श्रद्धेय नेहा जी जेठा द्वारा किया जाएगा, जबकि सहयोगी के रूप में श्रीमती दीप्ति जेठा उपस्थित रहेंगी। आयोजन को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



मंडल की ओर से अर्चना माहेश्वरी, अनीता जेठा, सरोज जेठा, श्वेता सारडा, मोना डागा एवं गीता जेठा ने समाज के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं एवं मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ लेने की अपील की है।

## प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को लेकर जीआरपी सतर्क

**जबलपुर।** जीआरपी ने जानकारी में बताया कि सिहोरा में 13.12.2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से रेल रोको आंदोलन प्रस्तावित था, प्रदर्शन की घोषणा को भांपते हुए सिहोरा रेलवे स्टेशन पहुँचकर स्टाफ के साथ चेकिंग की गई, जहां कोई भी प्रदर्शनकारी उपस्थित नहीं मिला। थाना जीआरपी जबलपुर का बल मौके पर तैनात है ताकि किसी प्रकार की कोई असामान्य स्थिति उत्पन्न न हो।



### मोक्षधाम परिसर में ठंड से राहत का प्रयास

# रोटरी क्लब एक्सीलेंस द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरण

**जबलपुर।** ठंड के मौसम में जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब एक्सीलेंस, जबलपुर द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम



मेडिकल स्थित मोक्षधाम परिसर में संपन्न हुआ, जहां ठंड से पीड़ित और खुले में जीवनयापन करने वाले लोगों को कंबल वितरित किए गए। कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें ठंड से राहत मिलेगी और वे अब चैन की नींद सो सकेंगे। इस सेवा कार्य में रोटरी क्लब एक्सीलेंस के सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जेठा सहित अखिलेश बादशाह, आर.के. चौकसी, एम.एल.बी. राव, आशीष जैन, अभिषेक केशरवानी, संतोष गुप्ता, राजेश, खत्री सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मध्य प्रदेश आगमन का दिया आमंत्रण

# जद (यू) मप्र अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की सौजन्य भेंट

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने प्रदेश प्रभारी विद्यासागर निषाद के साथ शुक्रवार को पटना में बिहार के मुख्यमंत्री निवास पर जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने नीतीश कुमार को बिहार में प्रचंड बहुमत के साथ दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मध्य प्रदेश में जनता दल (यू) की संगठनात्मक गतिविधियों, विस्तार एवं जनआंदोलनों की जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री से मध्य



प्रदेश आगमन का सादर आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्ष ने 26 दिसंबर को मध्य प्रदेश के बामनिया में स्थित मामा बालेश्वर दयाल जी की समाधि स्थल पर आयोजित होने वाली पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा की जानकारी देते हुए उक्त कार्यक्रम में पधारने का आमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन के अजय अवस्थी ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 23 जनवरी को ब्यौहारी स्थित आश्रम में आयोजित होने वाले शिविर में शामिल होने का आग्रह किया। भेंट के दौरान जनता दल (यू) मध्य प्रदेश के प्रदेश महासचिव सोभाल सिंह भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत

# समझाइश से परिवार टूटने से बचे, दुर्घटना में मृतकों के स्वजनों को मिला मुआवजा

हरिभूमि जबलपुर।

जिला अदालत जबलपुर और तहसील अदालत सिहोरा व पाटन के अलावा कुटुम्ब न्यायालय आदि में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान परस्पर समझौतों से कई विवाद निराकृत हो गए। समझाइश से विवाद की वजह से टूटने की कगार पर पहुंच गए दाम्पत्य संबंध व परिवार टूटने से बचे। साथ ही दुर्घटना में मृतकों के स्वजनों को मुआवजा मिला और घायलों को इलाज के

### सोनाली ने प्रवीण के विरुद्ध वापस लिया घरेलू हिंसा का केस

अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय डीके सिंह की पीठ के समक्ष सोनाली विरुद्ध प्रवीण का भरण-पोषण का मामला लगा था। पक्षकारों के उपस्थित होने के उपरांत न्यायिक अधिकारी व पैनल अधिवक्ता द्वारा दोनों पक्षकारों व उनके स्वजनों के मध्य सुलह के कई प्रयास किए गए। अंततः लगभग विगत छह वर्षों तक प्रकरण चलाने के बाद, दोनों पक्षकारों द्वारा समझौता करते हुए विवाद समाप्त कराने के लिए सहमत हुए। यही नहीं पक्षकार सोनाली द्वारा अपनी पति प्रवीण के विरूद्ध घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत भी प्रकरण वर्ष 2019 में ही दायर किया था, उसे भी समझौता होने के परिणामस्वरूप आवेदिका पक्षकार द्वारा वापस ले लिया गया हैं। इस प्रकार राष्ट्रीय अदालत के दौरान एक परिवार विघटित होने से बचकर, समस्त वैमनस्यता समाप्त कर संयुक्त रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहने के लिए तैयार हुआ।



### एक पीठ से निराकृत हुए 46 प्रकरण

न्यायाधीश डीपी सूत्रकार की अध्यक्षता वाली पीठ से 46 प्रकरणों का समझाइश से निराकरण कर दिया गया। इस प्रक्रिया में अधिवक्ता भगत का सहयोग रहा। गुरु गोविन्द सिंह एजुकेशन सोसायटी ने अपने कर्मचारियों को अधिक ग्रेच्युटी देने के चार मामले वापस लिए। खंडपीठ में पदस्थ स्वेता चौहान आरक्षक व अन्य न्यायालय कर्मचारी भार्गव, पाण्ड्या, प्रियंका दुबे, राहिना खान, नरेश, राखी तिवारी, अरविन्द पाठक सभी के संयुक्त प्रयास से पत्नि ने पति से छोटे भाई ने बड़े भाई से, पड़ोसी ने मोहल्ले के दुकानदार से, पुत्र ने पिता से, बिल्डर ने विक्रेता से समझौता किया और केस वापस लिए। इनमें से 25 केस पांच वर्ष पुराने थे।

### जबलपुर, सिहोरा, पाटन में निपटे 8222 प्रकरण, 59 करोड़ 95 लाख 11 हजार 719 रुपये मुआवजा बंटा

जिला न्यायालय जबलपुर, सिहोरा व पाटन तहसील न्यायालयों सहित कुटुम्ब व श्रम न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 8222 प्रकरणों का त्वरित व सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। इस प्रक्रिया में 59 करोड़ 95 लाख 11 हजार 719 रुपये का मुआवजा बंटा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्र के मार्गदर्शन में किया गया। प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए कुल 78 खण्डपीठों का गठन किया गया, जिनके माध्यम से 2369 लंबित तथा 5853 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से किया गया। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावों में 43 करोड़, 90 लाख 55 हजार 948 रुपये से अधिक की अवार्ड राशि पारित की गई। वहीं चेक बाउंस मामलों में तीन करोड़ 24 लाख 14 हजार 409 रुपये की समझौता राशि निर्धारित हुई। इसके अतिरिक्त बैंक रिकवरी से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में दो करोड़ 99 लाख 74 हजार 550 रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई।

## नेशनल लोक अदालत में निपटे डेढ़ लाख से अधिक प्रकरण

**जबलपुर।** न्याय तक सहज और सौहार्दपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का शनिवार को प्रदेश भर में आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में प्रदेश भर में कुल 1,10,248 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों एवं 47,035 लंबित प्रकरणों का समझौते के जरिए सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटारा किया गया। इन मामलों में समझौते के माध्यम से करोड़ों रुपए के दावों का समाधान हुआ। आयोजन मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक व चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के नेतृत्व तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में हुआ। प्रदेश में कुल 1435 पीठों का गठन किया गया। जिनमें 06 पीठें उच्च न्यायालय में. जबलपुर मुख्य पीठ एवं इंदौर तथा ग्वालियर खंडपीठों में गठित की गईं। 1429 पीठें जिला एवं तहसील न्यायालयों में कार्यरत रहीं। लोक अदालत में रिट याचिकाएं, सिविल रिवीजन, द्वितीय अपीलें, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक विवाद, अपराध शमनीय प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, श्रमिक विवाद, बैंक ऋण वसूली प्रकरण एवं विद्युत, जल बिल संबंधित विवाद शामिल थे।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति एवं न्यायमूर्ति अजय कुमार निरंकारी द्वारा लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता, विभिन्न बार एसोसिएशनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह, रजिस्ट्री के अधिकारीगण, मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशक उमेश पांडव, सदस्य सचिव, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सुमन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## अवैध उत्खनन कर मुरुम ले जा रहा हाईवा जब्त

**जबलपुर।** बरगी पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान सालीवाड़ा फाटक के पास एन एच रोड पर अवैध रुप से मुरुम लोड कर ले जा रहे एक हाईवा चालक को गिरफ्तार कर उसके पास से मुरुम से भरा हाईवा जब्त किया है। बरगी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी हेमंत कुमार ने बताया कि शनिवार को पेट्रोलिंग सालीवाड़ा फाटक के पास एन एच रोड पर हाईवा ट्रक क्रमांक एमपी 22 एच 1476 में मुरुम लोड कर ले जा रहे ग्राम खमरिया निगरी निवासी 29 वर्षीय संदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया है। हाईवा चालक के पास मुरूम की रायल्टी एवं वाहन के दस्तावेज नहीं थे। पूछताछ में उसने बताया कि खमरिया निवासी हाईवा मालिक अभिषेक यादव के कहने पर मानेगांव से हाईवा में मुरूम भरकर बरगी बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक के कब्जे से हाईवा और मुरुम जब्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 317(5), 3(5) बीएनएस तथा 4/21 खान खनिज अधिनियम, धारा 53 गौण खनिज अधिनियम एवं धारा 77/177, 130(3)/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

विकास कार्यों में गुणवत्ता पर दिया जोर, गोराबाजार थाने का किया भूमिपूजन

# दो वर्षों की उपलब्धियों की उप मुख्यमंत्री ने की सराहना

हरिभूमि, जबलपुर।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने की। बैठक में जिले के सभी जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जबलपुर जिले में बीते दो वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि सड़क, पुल, फ्लाईओवर सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, औद्योगिक विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जबलपुर ने प्रदेश में नई पहचान बनाई है। महिलाओं, किसानों, मजदूरों और युवाओं को केंद्र में रखकर संचालित योजनाओं के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जबलपुर को विकास की प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। नई सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक जबलपुर में आयोजित होना तथा वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर भव्य स्मारक निर्माण का निर्णय इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और जनजातीय विरासत के संरक्षण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।



बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में दमोह नाका–मदनमहल एलिवेटेड कॉरिडोर, प्रस्तावित रेल ओवर ब्रिज, रिंग रोड से जुड़ने वाले फोरलेन मार्ग, नर्मदा नदी पर बन रहे पुलों तथा सड़कों के चौड़ीकरण कार्यों की जानकारी दी गई। औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई और वृहद इकाइयों में हुए निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना जताई गई। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, आवास, खेल और न्यायिक अधोसंरचना के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में जबलपुर को देश का पांचवां सबसे स्वच्छ शहर घोषित किए जाने को जिले की बड़ी उपलब्धि बताया गया। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ आम नागरिकों तक पहुंचे।

### प्रेसवार्ता को किया संबोधित

बैठक के पश्चात उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश और जिले को मिली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही कानून-व्यवस्था की स्थिति, नक्सल उन्मूलन की दिशा में हुई प्रगति सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जानकारी साझा की।

शहपुरा थाने में मामला

## अलग रहने के बाद भी सास ससुर कर रहे थे प्रताड़ित

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत वार्ड नंबर 14 शहपुरा में एक महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 14 शहपुरा निवासी 22 वर्षीय श्रीमति रागिनी बाथरे की शादी 2023 में पिपरिया निवासी शिवा बाथरे के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति एवं ससुर माखन लाल बाथरे, सास कौशल्या बाथरे दहेज के लिए उसे शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे, उसकी सास ने उसके जेवर ले लिये। ससुराल वालों द्वारा लगातार प्रताड़ति करने के कारण वह अपना बच्चा लेकर मायके आ गयी थी। फिर उसके माता पिता ने उसे समझाकर ससुराल भेज दिया था उसके पति के साथ वह अलग रहने लगी थी लेकिन सास एवं ससुर लगातार अलग रहने के बाद भी उसके पति से कहते थे के इसे घर से भगा दो तुम्हारी दूसरी शादी करा देगें जहां अच्छा दहेज मिलेगा। रक्षाबंधन पर उसका भाई उसे मायके लेकर गया तो पति, सास एवं ससुर उसे फोन लगाकर झगड़ा करते हुये मानसिक रूप से प्रताड़ति करते रहे, उसके माता पिता ने कई बार ससुराल वालों को समझाया लेकिन ससुराल वाले मायके से लड़की एवं लडकी के बच्चे को रखने का खर्चा भिजवाने का कहने लगे, और उसे लेने नहीं आये वह लगभग एक वर्ष से मायके में रह रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 498 ए, 34 बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पटेल बारात घर की 2 हजार स्क्वायर फीट जमीन अधिग्रहित

## टैक्स बकाया पर नगर निगम की सख्ती

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर ने टैक्स बकायादारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए रांझी के तुलसी नगर स्थित पटेल मैरिज गार्डन (बारात घर) पर बड़ी कार्रवाई की है। लंबे समय से नगर निगम टैक्स जमा नहीं किए जाने के चलते निगम ने बारात घर की करीब 2 हजार स्क्वायर फीट जमीन को अधिग्रहित कर लिया है। निगम प्रशासन ने संचालक को अंतिम रूप से एक दिन की मोहलत दी है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पटेल बारात घर संचालक पर करीब 6 लाख रुपए का संपत्ति कर बकाया है। निगम रिकॉर्ड में यह बात सामने आई है कि बारात घर के निर्माण के बाद से अब तक टैक्स नियमित रूप से जमा नहीं किया गया। बकाया टैक्स की वसूली के लिए नगर निगम द्वारा समय-समय पर नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद संचालक ने टैक्स भुगतान में कोई रुचि नहीं दिखाई।

लगातार अनदेखी के बाद नगर निगम की राजस्व टीम मौके पर पहुंची और नियमानुसार बारात घर की जमीन को अधिग्रहित करने की कार्रवाई की। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय सीमा के भीतर बकाया टैक्स जमा नहीं किया जाता है, तो अधिग्रहित जमीन को नीलाम कर टैक्स की वसूली की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि शहर में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान टैक्स बकाया रखे हुए हैं और उनके खिलाफ चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा रही है। निगम ने यह भी संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में अन्य बकायादारों पर भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जा सकती है। इस कार्रवाई के बाद शहर के अन्य बारात घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी हड़कंप की स्थिति है।

गली में पड़ी मिली लाश

## शादी में खाना बनाने निकली महिला की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत सिद्धनगर रोड विन्ध्यवासिनी मंदिर के पास एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बताया गया है कि महिला का दो तीन दिन पहले अपने पति से झगड़ा हो गया था और वह मायके में रह रहा था। 11 दिसंबर की रात 10 बजे शिवा चौधरी शादी के ऑर्डर में काम करने के लिए मृतिका को ले गया था। उसके बाद से वह दो दिन घर नहीं लौटी। कल रात उसकी लाश पड़ी मिली। फिलहाल संदिग्ध मौत का मामला मानकर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मर्ग कायम कर मामलें की विवेचना की जा रही है।

घटना के संबंध में हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंडालभाटा गोहलपुर निवासी 28 वर्षीय श्रीमति रेखा अहिरवार की शादी पनागर निवासी कमलेश अहिरवार के साथ हुई थी, उसके बच्चें भी हैं। दो तीन दिन पहले उसका अपने पति से विवाद हुआ था। रेखा को छोड़कर रेखा का पति अपने घर चला गया था। 11 दिसंबर की रात शिवा चौधरी उसे शादी के आर्डर पर काम के लिए ले गया था। जब वह घर नहीं पहुंची तो उसकी मां 65 वर्षीय श्रीमति रूकमणी बाई चौधरी ने शिवा चौधरी से रेखा के बारे में पूछा, शिवा ने उसे बताया कि रात में उसे सिंधीकेंप में छोड़ दिया था। इस बीच रेखा के जेठ बंटी ने सूचना दी कि रेखा की मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेखा की मां अपनी बहुओं के साथ मौके पर पहुंची जहां इंदर अहिरवार के घर के सामने रेखा गली में मृत अवस्था में पड़ी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचनामा कर कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

अभियान : राजस्व वसूलने निगम की सख्त कार्रवाई

## एक ही संस्थान की दुकान में निगम ने जड़ा ताला

**जबलपुर। नगर निगम ने बडे कर दाताओं से वसूली की अपनी मुहिम तेज कर दी है । लगातार नोटिस के बाद भी बडे बकायादारों द्वारा कर चुकाने में टाल मटोली के बाद अंतत निगम अमले ने बडी कार्यवाही आरंभ कर दी है।** इसी क्रम में शनिवार की सुबह टैक्स न चुकाने वाले चार बडे प्रतिष्ठानों को सील कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम अमले ने यह कार्यवाही करन सेल्स, करन विनायक ट्रेडर्स सहित इसी संस्थान से संबंधित दो अन्य दुकानों में भी की है। नगर निगम के राजस्व अमले के मुताबिक पूर्व में कई बार अल्टीमेटम देने के बाद भी टैक्स जमा करने में रुचि न लेने पर उक्त दुकानों को सील करने की कार्यवाही की गई है । उक्त दुकानों पर बकाया टैक्स के अलावा पेनाल्टी भी रोपित की गई है। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि यह कार्रवाई अभी लगातार जारी रहेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240